# <u>अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में मनाया गया विश्व एड्स दिवस</u>

आज दिनांक 2 दिसंबर 2024 को अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में अग्रवाल विद्‌या प्रचारिणी सभा के प्रधान श्री देवेंद्र गुप्ता , जनरल सेक्रेटरी एडवोकेट श्री दिनेश गुप्ता व कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता के दिशा–निर्देशन में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इसका आयोजन यूथ रेडक्रॉस, रेड रिबन क्लब एवं सेंटजॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। विश्व एड्स दिवस 2024 के थीम "सही मार्ग अपनाएं: मेरा स्वास्थ्य , मेरा अधिकार!" पर आधारित एक व्याख्यान आयोजित किया गया । इसमें श्री दर्शन भाटिया , नेशनल सर्व मास्टर ट्रेनर , जिला रेड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे । उन्होंने एच.आई.वी. एड्स के मुख्य कारणों व इससे बचने के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया। इस व्याख्यान में वाईआरसी , आरआरसी व सेंटजॉन एम्बुलेंस के 37 वालंटियर्स ने भाग लिया। इस अवसर पर काउंसलर डॉ. देवेंद्र , डॉ. डिंपल, काउंसलर सुभाष कैलोरिया एवं लवकेश उपस्थित रहे।